भारतीय संविधान के भाग 4 (अनुच्छेद 36-51) के तहत राज्य के नीति निदेशक तत्वों का प्रावधान किया गया हैं| भारतीय संविधान में नीति निदेशक तत्व आयरलैंड के संविधान से प्रेरित हैं| इस लेख में आप को सभी परीक्षा में बार- बार पूछें प्रश्नों की जानकारी दी गई हैं तथा यहां से आप राज्य के नीति निदेशक तत्व mcq pdf Download कर सकते हैं|

Q.1 राज्य के नीति निदेशक तत्व को भारतीय संविधान में शामिल किये जाने का उद्देश्य क्या है?

A) सामाजिक प्रजातंत्र को स्थापित करना

B) सामाजिक और आर्थिक प्रजातंत्र को स्थापित करना

C) राजनैतिक प्रजातंत्र को स्थापित करना

D) गांधीवादी प्रजातंत्र को स्थापित करना

Ans. B

Explain- राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को भारतीय संविधान में शामिल किए जाने का उद्देश्य हैं- सामाजिक और आर्थिक प्रजातंत्र को स्थापित करना| यह उद्देश्य एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना में सहायक हैं|

Q.2 राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत किस प्रकार मौलिक अधिकारों से भिन्न हैं?

A) पूर्वोक्त केंद्रीय सरकार के लिए हैं और उत्तरोक्त राज्यों के लिए

B) पूर्वोक्त संविधान का अंश नहीं हैं, जबकि उत्तरोक्त हैं

C) निदेशक सिद्धांत प्रवर्तनीय नहीं हैं, जबकि मौलिक अधिकार प्रवर्तनीय हैं

D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.3 नीति निदेशक तत्व क्या हैं?

A) वाद योग्य B) अ-वाद योग्य

C) कठोर D) लचीले

Ans. B

Q.4 राज्य के नीति निदेशक तत्व सहज अध्ययन के लिए निम्न में से कौन-से भागों में विभाजित किए जा सकते हैं?

A) गांधीवादी B) समाजवादी

C) उदार बौद्धिकतावादी D) उपरोक्त सभी

Ans. D

Q.5 भारत के संविधान का कौन-सा भाग कल्याणकारी राज्य के आदर्श की घोषणा करता हैं?

A) मूल अधिकार

B) उद्देशिका

C) सातवीं अनुसूची

D) राज्य के नीति निदेशक तत्व

Ans. D

Q.6 भारतीय संविधान में सम्मिलित नीति निदेशक तत्वों की प्रेरणा हमें किस देश से प्राप्त हुई|

A) ऑस्ट्रेलिया B) अमेरिका

C) फ्रांस D) आयरलैंड

Ans. D

Q.7 भारत के संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा देश के शासन के लिए आधारभूत हैं?

A) मूल अधिकार

B) मूल कर्तव्य

C) राज्य के नीति निदेशक तत्व

D) मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य

Ans. C

Q.8 समान कार्य के लिए समान वेतन भारत के संविधान में सुनुश्चित किया गया हैं?

A) मौलिक अधिकार

B) मौलिक कर्तव्य

C) आर्थिक अधिकार

D) राज्य के नीति निदेशक तत्व

Ans. D

Q.9 भारत में निम्न में से किसके अंतर्गत पंचायती राज प्रणाली की व्यवस्था की गयी हैं|

A) मौलिक अधिकार

B) चुनाव आयोग अधिनियम

C) मौलिक कर्तव्य

D) राज्य के नीति निदेशक तत्व

Ans. D

Q.10 निम्न में से कौन एक मौलिक अधिकार नहीं हैं?

A) कानून के समक्ष बराबरी

B) धर्मपालन की स्वतंत्रता का अधिकार

C) समान काम के लिए समान वेतन

D) उत्पीड़न के खिलाफ अधिकार

Ans. C

Q.11 निम्न में से कौन-सा अनुच्छेद पंचायत के गठन के लिए राज्य सरकारों को निर्देश देता हैं?

A) अनुच्छेद 33 B) अनुच्छेद 40

C) अनुच्छेद 48 D) अनुच्छेद 50

Ans. B

Q.12 निम्न में से कौन-सा राज्य के नीति निदेशक तत्वों में निहित हैं?

A) प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण

B) अल्पसंख्यक वर्गों के हितों का संरक्षण

C) अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण

D) पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो|

Ans. D

Q.13 निम्न में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं हैं?

A) अनुच्छेद 39A - समान न्याय एवं नि: शुल्क विधिक सहायता

B) अनुच्छेद 40 - ग्राम पंचायतों का गठन

C) अनुच्छेद 44 - समान नागरिक संहिता

D) अनुच्छेद 48 - न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण

Ans. D

Explain- अनुच्छेद 48 - कृषि और पशुपालन का संगठन

Q.14 42 वें संविधान संशोधन द्वारा किस अनुच्छेद के माध्यम से श्रमिकों की प्रबंधन में भागीदारी सुनिश्चित की गई?

A) अनुच्छेद 38 B) अनुच्छेद 39A

C) अनुच्छेद 45 D) अनुच्छेद 43A

Ans D

Q.15 राज्य के नीति निदेशक तत्वों के निम्न अनुच्छेदों में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के संवर्धन से संबंधित हैं?

A) अनुच्छेद 51 B) अनुच्छेद 48 क

C) अनुच्छेद 43 क D) अनुच्छेद 41

Ans. A

Explain- अनुच्छेद 41 - काम, शिक्षा, लोक सहायता पाने का अधिकार

अनुच्छेद 43 क - उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों के भाग लेने का अधिकार

अनुच्छेद  48 क - पर्यावरण संरक्ष्ण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा

Q.16 संविधान निम्न में से किसके शोषण के विरुद्ध अधिकार स्वीकृत करता है?

A) बच्चो के B) स्त्रियों के

C) जनजातियों  के D) दलितों के

a) केवल A और B b) केवल A और C

c) केवल A, B और C d) केवल  B , C और D

Ans. c

Explain- संविधान में बच्चों, स्त्रियों एवं जनजातियों के शोषण के विरुद्ध अधिकार को स्वीकृत प्रदान की गई हैं, जबकि दलित शब्द का संविधान में उल्लेख नहीं हैं|

Q.17संविधान के किस अनुच्छेद के द्वारा उद्योग के प्रबंधन में कर्मकारों की भागीदारी का प्रावधान दिया गया हैं?

A) अनुच्छेद 43A B) अनुच्छेद 47

C) अनुच्छेद 45 D) अनुच्छेद 43

Ans. A

Q.18 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारत की विदेश नीति से संबंधित हैं?

A) अनुच्छेद 380 B) अनुच्छेद 312

C) अनुच्छेद 60 D) अनुच्छेद 51

Ans. D

इसे भी पढ़े

भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन | राष्ट्रपति की शक्तियां और कार्य

Q.19 निम्न में से कौन एक राज्य का नीति निदेशक तत्व नहीं हैं?

A) गौ संरक्षण

B) मधनिषेध

C) पर्यावरण संरक्षण

D) 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों को नि: शुल्क शिक्षा

Ans. D

Q.20 निम्न में से कौन-सा एक राज्य का नीति निदेशक सिद्धांत संविधान में बाद में जोड़ा गया?

A) ग्राम पंचायतों का संगठन

B) गोवध-निषेध

C) मुफ्त क़ानूनी सलाह

D) समान नागरिक संहिता

Ans. C

Q.21 निम्न में से भारत के संविधान के किसमें पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन तथा वन व वन्य जीवन की रक्षा के प्रावधान पाए जाते हैं|

A) राज्य के नीति निदेशक तत्व में

B) मूल कर्तव्यों में

C) A और B दोनों

D)  कोई नहीं

Ans. C

Q.22 निम्न से कौन राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में सम्मिलित नहीं हैं?

A) मध निषेध B) काम का अधिकार

C) समान कार्य हेतु समान वेतन D) सूचना का अधिकार

Ans. D

Q.23 राज्य के नीति निदेशक तत्व एक ऐसा चेक हैं, जो बैंक की सुविधानुसार अदा किया जाता हैं' किसने कहा था?

A) बी आर अम्बेडकर B) के एम मुंशी

C) डॉ राजेंद्र प्रसाद D) के टी शाह

Ans. D

Explain- के टी शाह ने कहा था की " राज्य के नीति निदेशक तत्व एक ऐसा चेक हैं , जो बैंक की सुविधनुसार अदा किया जाता हैं|

Q.24  मनरेगा कार्यक्रम निम्नलिखित में से भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद को लागू करने हेतु लाया गया हैं?

A) अनुच्छेद 43 B) अनुच्छेद 47

C) अनुच्छेद 45 D) अनुच्छेद 50

Ans. A

Q.25 भारत में न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण किससे व्यादेशित हैं?

A) संविधान की उद्देशिका द्वारा

B) राज्य के नीति निदेशक तत्व द्वारा

C) सातवीं अनुसूची द्वारा

D) परंपरागत व्यवहार द्वारा

Ans. B

राज्य के नीति निदेशक तत्व से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

अनुच्छेद 38 - अनुच्छेद 38 के अनुसार , राज्य, लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाएगा|

अनुच्छेद 39 - पुरुष और स्त्री को समान कार्य के लिए समान वेतन प्रदान करना|

अनुच्छेद 39क - अनुच्छेद 39क में समान न्याय तथा नि:शुल्क विधिक सहायता का प्रावधान है|

अनुच्छेद 40 - अनुच्छेद 40 के अनुसार, राज्य ग्राम पंचायतों के गठन का प्रयास करेगा|

अनुच्छेद 41 - अनुच्छेद 41 के अनुसार, राज्य कुछ दशाओं में काम, शिक्षा तथा लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने का प्रभावी उपबंध करेगा|

अनुच्छेद 42 - अनुच्छेद 42 के अनुसार, राज्य काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता के लिए प्रावधान करेगा|

अनुच्छेद 43 - अनुच्छेद 43 के तहत राज्य कर्मकारों को उचित मजदूरी तथा कुटीर उद्योग के संवर्धन करने का प्रयास करेगा|

अनुच्छेद 43क - अनुच्छेद 43क के तहत राज्य उद्योगों के प्रबंधन में कर्मकारो की भागीदारी सुनिश्चित करना|

अनुच्छेद 44 - अनुच्छेद 44 के अनुसार राज्य , भारत के संपूर्ण राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता लागू करने का प्रयास करेगा|

अनुच्छेद 45 - अनुच्छेद 45 के तहत राज्य के 6 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-रेख और शिक्षा का प्रबंध|

अनुच्छेद 46 - अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा अन्य दुर्लब वर्गों हेतु शिक्षा तथा आर्थिक हितों में वृद्धि के लिए प्रयास|

अनुच्छेद 47 - लोगों के पोषाहार स्तर, जीवन स्तर ऊंचा करने तथा लोक स्वास्थ्य आदि सुधरने का प्रयास|

अनुच्छेद 48 - अनुच्छेद 48 के अंतर्गत कृषि और पशुपालन का संगठन|

अनुच्छेद 48क - पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करना|

अनुच्छेद 49 - राष्ट्रीय महत्व के संस्मारकों, स्थानों तथा वस्तुओं को संरक्षण प्रदान करना|

अनुच्छेद 50 - न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण|

अनुच्छेद 51 - अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि|

राज्य के नीति निदेशक तत्व Mcq Pdf Download

यदि आप राज्य के नीति निदेशक तत्व Mcq Pdf Download करना चाहते हैं, तथा परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियां प्राप्त करना चाहते हैं। तो आप हमारे द्वारा नीचे दिए गए लिंक के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं।

राज्य के नीति निदेशक तत्व Mcq Pdf Download

राज्य के नीति निदेशक तत्व Mcq Pdf Click here

Also Read

सांस फूलने में क्या नहीं खाना चाहिए ?

भारत में संघीय व्यवस्था Pdf Download